कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-06.09.2024

विषय:- लूट कारित करने की घटना में वांछित अभियुक्त ईश्वर प्रकाश थाना शिवपुर पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराधों की रोकथाम, चोरी/लूट/हत्या की घटनाओं के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त कैण्ट के नेतृत्व में थाना शिवपुर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सहायता से मु0अ0सं0 310/2024 धारा 309(6)/61/310/317/109 बी0एन0एस0 थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी से संबंधित वांछित अभियुक्त ईश्वर प्रकाश पुत्र प्रेमचन्द्र निवासी कानूडीह थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी को आज दिनांक-06.09.2024 को समय करीब 10.20 बजे फैन्टेसिया वाटर पार्क के लिंक मार्ग पर लकड़ी के करखाने के पास थाना शिवपुर से गिरफ्तार किया गया जिसके सम्बन्ध में थाना शिवपुर पुलिस द्वारा अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि मुकदमा उपरोक्त में दिनांक 06.08.24 को वांछित 03 अभियुक्तगण को पुलिस मुठभेड़ के दौरान व दिनांक 12.08.24 को 01 अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

घटना का विवरण- दिनांक 23/07/2024 को श्री योगेश कुमार यादव पुत्र श्री लक्ष्मी नारायण यादव निवासी ग्राम उपरौठ थाना औराई जनपद सन्त रविदास नगर (भदोही) द्वारा भारत फाईनेंशियल जो कि इण्डसइण्ड बैंक का कलेक्शन का पैसा 1,01,500/- रु0, एक सैमसंग टेबलेट एवं एक बायोमैट्रिक मशीन एक बैग में रखकर जा रहे थे कि कानूडीह के पास खड़े 3 लोगों द्वारा श्री योगेश कुमार यादव की गाड़ी रोककर उनके पैर में गोली मारकर तथा बैग छीनकर भाग गये थे, जिसके सम्बन्ध में थाना शिवपुर में मुकदमा उपरोक्त पंजीकृत हुआ, जिसकी विवेचना उ0नि0 अजीत कुमार मिश्रा द्वारा सम्पादित की जा रही है।

विवरण पूछताछ- अभियुक्त ईश्वर प्रकाश उपरोक्त पूछने पर बता रहा है कि मेरे दोस्तो ने कुछ दिन पहले कानूडीह मे एक आदमी जिसका नाम योगेश है जो कलैक्शन एजेन्ट है उसको मेरे दोस्तो ने गोली मारकर लूट लिये थे कलैक्शन एजेन्ट के बारे में सीमा देवी के घर से निकलने की सूचना मैने ही दिनेश को दिया था। जिसमे दिनेश ने अपने साथी गुलशन बिहारी, शनि , शिवा, समीर, आदर्श गिरी के साथ मिलकर ये योजना बनाई थी। उस दिन समूह से कलेक्शन की जगह सीमा देवी के घर पर मै मौजूद था। मैं डर के मारे सूरत भाग गया था। अभियुक्त ईश्वर प्रकाश से घटना में प्रयुक्त ग्लैमर मोटर साइकिल व वादी के टैबलेट के बारे में पूछा गया तो बताया कि इस बारे में गुलशन व शनि ही जानते हैं, वे ही सब कुछ आपको बता सकते हैं।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

ईश्वर प्रकाश पुत्र प्रेमचन्द्र निवासी कानूडीह थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी उम्र करीब 20 वर्ष।

गिरफ्तारी का दिनांक, समय व स्थान - दिनांक 06.09.2024 को समय करीब 10.20 बजे फैन्टेसिया वाटर पार्क के लिंक मार्ग पर लकड़ी के करखाने के पास थाना शिवपुर।

आपराधिक इतिहास-

1.मु0अ0सं0-310/2024 धारा 309(6)/61/310/317/109 बी0एन0एस0 थाना शिवपुर कमि0 वाराणसी।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. उ0नि0 अजीत कुमार मिश्रा थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
2. हे0का0 अजय सिंह थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।